गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कारंजा में गुरुजनों का सम्मान

लांजी (स्वतंत्र मत).

रविवार को विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती उच्च.मा वि.कारंजा मे गुरुपुर्णिमा (व्यास पुर्णिमा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया .जिसमे कार्यक्रम के अध्यक्ष मा.लालारामजी नंदनवार (प्रबंध समिति अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि मा.जे.आर.बिसेन (शास.चिकि..) मा.एस .आर.राखडे कोषाध्यक्ष ..मा.मंशारामजी बिल्थरे सर सदस्य तथा श्री सी,एल.बोपचे प्राचार्य इनकी प्रमुख उप.मे कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया..सर्वप्रथम अतिथियो के द्वारा मा भारती का दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना की स्तुती गयी ..

आज गुरूपुर्णिमा के पावन अवसर पर मा.बिल्थरे जी के द्वारा गुरू की महत्ता के विषय पर प्रकाश डालते हुये आपने कहा की बिना गुरु के कोई भी मनुष्य अपना विकास नही कर सकते ..गुरु के सानिध्य मे रहकर ही छात्र अपना सर्वागीण विकास कर सकता है इसलिये हमेशा गुरु का सम्मान करना चाहिये ..बिसेनजी ने कहा की भारतीय पर्व व्यवस्था मे पहला पर्व गुरुपुर्णिमा को ही माना गया है भगवान राम को भी गुरु के सानिध्य मे रहकर गुरुकुल व्यवस्था के अन्तर्गत ही शिक्षा प्राप्त किये ! राखडे सर ने वैदिक काल से लेकर अब तक की आधुनिक काल की शिक्षा पद्धति की संपुर्ण पठन पाठन की कार्यविधि को समझाते हुये विस्तृत व्याख्या की है आपने कहा की आज सरस्वती शिशु मंदिरो मे संस्कारत युक्त..शुद्ध वातावरण मे अल्प मानदेय लेकर भैया/ बहिनो को पुर्ण आत्मीयता के साथ शिक्षा देने का महान कार्य कर रहे है .इसलिये हमे.गुरु का सम्मान करना चाहिये ..गुरु की श्रेष्ठता का वर्णन करते हुये नंदनवारजी ने कहा की भगवान दत्तात्रेय ने भी अपने 24 गुरु माना उन्होने श्वान को अपना गुरु माना .अत ॅ हमे गुरु का आदर करना चाहिये देखा गया की रामायण त्याग और समर्पण की भावना से विलोपित है ..अंत मे विद्यालय के प्राचार्य बोपचे जी ने इस कार्यक्रम मे उप. प्रबंध समिति के समस्त पदा./सदस्यो का आभार मानते हुये कहा की अपनी व्यस्तता होने के बावजुद भी आपने कार्यक्रम के निमित्त अपना बहुमुल्य समय दिये ..साथ ही सभी आचार्य /दीदीयो का भी मनॅ पुर्वक आभार व्यक्त ! कार्यक्रम मे छात्रावास के अधिक्षक आर.भोरगडे .विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार का योगदान सराहनीय रहा ! अँत मे कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

शराबी बेटे से परेशान होकर पिता ने ही की बेटे की हत्या

थाना बिरसा अन्तर्गत दो वर्ष पूर्व हुए अंधे कत्ल का खुलासा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

बालाघाट जिले के बिरसा थाना अन्तर्गत ग्राम धर्मशाला में एक पिता ने अपने बेटे की शराब के लत से परेशान होकर उसकी हत्या कर डाली. पहले तो बेटे की हत्या कर उसे आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए शव को पेड़ पर रस्सी से लटका दिया. लेकिन पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा कर अरोपी पिता के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पिता की तलाश शुरू कर दी. फरार आरोपी पिता को दो साल बाद 21 जूलाई 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.जानकारी अनुसार प्रार्थी स्वयं आरोपी सूबेलाल पिता चैतू मरकाम उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम धर्मशाला थाना बिरसा, पुलिस चौकी मछुरदा, द्वारा 13 जून 2022 को रिपोर्ट किया कि मेरे लडके जयराम पिता चैतू मरकाम उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम धर्मशाला की लाश घर के पिछे के नाले के पास गर्रा के पेड पर फांसी से लटकी है तथा उसके शरीर में चोटे है और गुप्तांग में खून निकल रहा है। मौके पर घटना को देखने पर प्रथम दृष्टया मृतक की हत्या होने और लाश को फांसी पर लटकाने की घटना दर्शित होने पर बिरसा पुलिस ने धारा 302, 201 भारतीय दण्ड विधान का अपराध पंजीबद्ध किया गया। हत्या जैसे गंभीर अपराध के निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर एवं अनुविभागीय अधिकारी बैहर को अपराध के अज्ञात आरोपी का पता लगाने एवं प्रकरण के निराकरण हेतु लगातार निर्देशित किया गया।अपराध के आरोपी का पता लगाने हेतु लगातार मुखबीर मामुर किये जाकर उनसे घटना कारित करने वाले की जानकारी निकाली गई।

जानकारी निकाली जाने पर मुखबीरो द्वारा मृतक की हत्या उसके पिता सुबेलाल द्वारा ही शराब पिकर परेशान करने तथा झगडा करने से परेशान होकर करने की जानकारी दी गई। पूछताछ करने पर मृतक की हत्या उसके पिता सुबेलाल द्वारा ही करना और मृतक की लाश को सामाजिक बदनामी के डर से सबूत नष्ट करने के लिये मृतक के गमछे से ही पेड पर लटकाना पाया गया।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बैहर अरविन्द कुमार शाह, थाना प्रभारी बिरसा रेवलसिंह बरड़े, उप निरीक्षक अभिषेकसिंह तोमर, पुलिस चौकी मछुरदा, प्रधान आरक्षक भरतसिंह परते, जगदीश धुर्वे, अजय तोमर, अर्पित धुर्वे, गजेन्द्रसिंह यादव, सम्पत उईके, विनोद भलावी, प्रिन्स पटेल, विनोद प्रजापति, सुनील सरोते, रामसिंह अहाके की सराहनीय भूमिका रही।

कॉपर और मैगनीज जैसे खनिजों पर आधारित उद्योगों की हो स्थापना : गौरव पारधी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)। महाकौशल क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में च्रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेवज्ज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं को बढ़ावा देना था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बालाघाट जिले की कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बालाघाट जिले के खनिज संसाधनों, विशेषकर कॉपर और मैगनीज की समृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि इन खनिजों पर आधारित उद्योगों की स्थापना से जिले के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

कॉपर और मैगनीज आधारित उद्योगों की हो स्थापना-गौरव सिंह पारधी ने औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों से भेंट कर आग्रह किया कि वे बालाघाट में कॉपर और मैगनीज आधारित उद्योगों की स्थापना पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने निवेशकों से चर्चा के दौरान कहा कि इन उद्योगों की स्थापना से न केवल जिले में आर्थिक समृद्धि आएगी, बल्कि इससे बालाघाट जिले के समग्र विकास को भी बल मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगी और उन्हें एक उज्जवल भविष्य की दिशा में अग्रसर करेगी।

औद्योगीकरण के प्रति निरंतर प्रयासरत-विधायक पारधी ने कहा, च्हम सभी मिलकर बालाघाट जिले के औद्योगीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहाँ के निवासियों को बेहतर भविष्य और अधिक अवसर प्रदान कर सकें।ज्ज उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन मिलकर बालाघाट के विकास के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से यह उम्मीद की जा सकती है कि बालाघाट जिले में जल्द ही नए उद्योग स्थापित होंगे।

चिल्लर सब्जी मंडी में ट्रैफिक की समस्या हुई दूर, तैनात रहेंगे दो ट्राफिक सैनिक

सिवनी (स्वतंत्र मत)। नगर में ट्रैफिक की समस्या आए दिन देखने और सुनने को मिलती थी यहां ट्रैफिक कंट्रोल नहीं हो पा रहा था जिसके चलते आम नागरिक सहित व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था और कई बार तो कुछ ऐसी घटनाएं घट चुकी है और आए दिन तरह-तरह की घटना घटती थी जिससे जिला प्रशासन सहित नगरपालिका भी परेशान था। मामला शंकर मढिया और मस्जिद के पास स्थित चिल्लर सब्जी मंडी को नगर सहित आसपास से लोग सब्जी खरीदने टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन से जाकर सब्जी खरीदते हैं और सामने वहांखड़ा कर चले जाते हैं जिससे ट्रैफिक होता था। यह मार्ग नागपुर जबलपुर छिंदवाड़ा का मुख्य मार्ग माना जाता है जहां आए दिन बस का ट्रैफिक भी देखने को मिलता था। इन सारी समस्याओं को लेकर आज ट्रैफिक पुलिस द्वारा समाधान कर लिया गया है और इस समाधान सेजनता व्यापार आम नागरिक सहित सभी लोग इस काम को सराहना कर रहे हैं कि ऐसी व्यवस्था पहली बार देखा गया है जो एक मिसाल बन गया है। यहां लगातार दो ट्राफिक कर्मी छत्रपाल सिंह बघेल प्रधान अध्यापक और आरक्षक संजय बरकडे तैनात रहेंगे । वहीप्रशासन द्वारा पार्किंग बना दी गई है उसका कारण सिर्फ और सिर्फ उसे स्थान पर नगर पालिका द्वारा अभी तक नो पार्किंग का बोर्ड के साथ- साथ पार्किंग जैसा बोर्ड भी नहीं लगा पाई है जिससे अभी भी कुछ र समस्याएं हो रही है जिसके लिए ट्रैफिक विभाग द्वारा अपने बल द्वारा यह काम किया जा रहा है अगर बोर्ड लग जाए तो ट्रैफिक कर्मियों द्वारा कार्यवाही करने में आसानी होगी और ऐसी समस्या दोबारा देखने को नहीं मिलेगी। वहीं मामले में नगरपालिका ने स्या ट्रैफिक विभाग को अवगत करा बाले दिया है। अब नगर पालिका को कि बोर्ड लगाना है। जिला कलेक्टर को मीटिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी ने कराया था अवगतवही इस पूरे मामले को लेकर ट्रैफिक प्रभारी विजय बघेल द्वारा मीटिंग के दौरान यह समस्या पूर्व कलेक्टर को विस्तार से अवगत कराते हुए इस समस्या का समाधान के लिए अपनी बात रखी थी इसी दौरान जिला कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को आदेश किया कि अगर नगर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होती है तो तत्काल इसका समाधान करें और तत्काल इस दौरान नगर पालिका सीएमओ द्वारा पुरानी मछली मार्केट को समतल करते हुए पार्किंग की व्यवस्था की गई थी जो आज नगर में सबसे बड़ी समस्या थी आज यहां ना तो ट्राफिक दिखाई देता है और ना ही किसी प्रकार का वाद विवाद सुनने को मिल रहा है जो और आम नागरिक सहित सभी को सुविधा मिल रही है। पार्किंग बन तो गई है लेकिन नो पार्किंग का बोर्ड नपा कब तक बनायेगी, यह अहम सवाल है।

जल भराव की समस्या हल करने कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

सिवनी (स्वतंत्र मत)। छपारा कलेक्टर संस्कृति जैन ने गत दिवस को नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इसमें नगर परिषद, तहसील सहित जनपद पंचायत कार्यालय का जायजा लिया गया। निरीक्षण में लखनादौन एसडीएम हिमांशु जैन, छपारा तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर ने जनपद पंचायत कार्यालय स्थित पुराने तहसील भवन के सालों से बंद जर्जर ने हालत की इमारत को भी देखा। साथ ही 5 कलेक्टर ने बायपास हाइवे किनारे बसी कालोनी में जल भराव की समस्या को 5 देखा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि रु नगर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय ते राज्यमार्ग बायपास निर्माण के बाद कालोनियों में जल भराव होने सेमहाराणा प्रताप कालोनी, हनुमान कालोनी व हाईवे कालोनी में वर्षा के मौसम में हर साल जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको लेकर नगर परिषद ने कार्य योजना बनाई है। लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण इस पर काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समस्या का जल्द निराकरण करने जरूरी निर्देश संबंधितों को दिए।

फर्जीवाड़ा दबाने मनरेगा पोर्टल से ऐई ने डिलीट किया !

खेत तालाब निर्माण में हुआ फर्जीवाड़ा

सिवनी (स्वतंत्र मत)। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन का महत्वपूर्ण विभाग जनपद पंचायत में दीमक लग गई है ऐसा कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। पूर्व जनपद पंचायत सीईओ सुमन खातरकर के कार्यकाल से जनपद पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार केवलारी जनपद को शर्मसार करती है।विदित है केवलारी जनपद के अंतर्गत 346 खेत तालाब स्वीकृत किए गए थे, जिनको पूर्ण बताया गया है, जिसमें से 262 की सीसी सहायक यंत्री द्वारा ऑनलाइन जारी कर कार्य को नियम विरुद्ध मनरेगा पोर्टल से डिलीट करदिया गया, जबकि उक्त कार्य हितग्राही मूलक है, एवं हितग्राही को साइन बोर्ड, लूजनिंग एवं पाइप का भुगतान कराया ही नहीं गया है। मनरेगा में साइन बोर्ड का प्रावधान, लूजनिंग मिट्टी का 3-15 पैसे क्यूबिक मीटर के हिसाब नि से भूगतान एवं आउटलेट इनलेट में पाइप का स प्रावधान अनिवार्य है।

इस प्रकार राशि 4000 क साइन बोर्ड के, लूजनिंग के 10000 से म 12000 रुपए क्वांटिटी के आधार पर, एवं पाइप के भुगतान 12 से 15000 रुपए ऐसा कुल 22 हजार से लेकर 30 हजार प्रति खेत तालाब पर सामग्री का भुगतान का प्रावधान है एवं हितग्राही को भुगतान किया जाना है। कार्य हितग्राही मूलक है। जिसमें हितग्राही द्वारा पाइपलगाए गए हैं एवं लूजनिंग का कार्य कराया गया एवं साइन बोर्ड भी बनाया गया है नियम विरुद्ध ऑनलाइन सह्यायक यंत्री श्रीमती दुर्गा कुमरै द्वारा सीसी की कार्रवाई ऑनलाइन सीसी कर मनरेगा पोर्टल से डिलीट कर दिया गया है।

लगभग 80 लाख रुपए का भुगतान हितग्राहियों का करेगा कौन जब मनरेगा पोर्टल से कर ही डिलीट कर दिया गया है तो बिल लगने का सवाल ही नहीं होता क्योंकि अब तो बिल मनरेगा पोर्टल पर भी फीड नहीं हो सकते, ऐसे ही किसान वर्षा एवं किसानी के कर्ज से जूझ रहा है। किसान के 30 हजार का भुगतान कहां से होगा।मनरेगा पोर्टल से डिलीट होने की बास्तविकता की जानकारी के लिए जनपद पंचायत ऐई-को फोन लगाया गया लेकिन फोन नही उठा। सोची समझी योजना से खेत तालाब बाब निर्माण मे हुये फर्जीबाड़ा की जांच हो ओर का सहायक यंत्री को निलंबित करते हुए बासूली कर हितग्राहियों का भुगतान कराये जाने कि से सांग की गयी है।

इनका कहना है....

खेत तालाब निर्माण कार्य पूर्ण हो गये है इसीलिए डिलीट हो गये है।

ओंकार सिंह ठाकुर
सीईओ जनपत पंचायत
केवलारी

मोटरसाइकिल में अवैध शराब ले जाते पकड़ा

सिवनी (स्वतंत्र मत)।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में अवैध शराब की तस्करी हेतु लगातार कोतवाली पुलिस द्वारा प्रयास किये जा रहे है जो पूर्व में भी इस संबंध में अवैध शराब की बड़ी कार्यवाहियां की की जाती रही है। जो आज मुखबिर ाजी सूचना मिली की मीत श्रीवास नाम का लडका सीडी डिलक्स गाडी मेअवैध देशी मदिरा सफेद प्लेन अवैध रूप से लेकर सिमरिया गांव की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कोतवाली बल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मरझोर से सिमरिया जानें वाले रास्ते मे पुलिया के पास मोटरसाईकल सोडी डीलक्स एमपी 22 एमएफ 3965 से अवैध शराब ले जाते पकडा जिसके पास से कुल 302 पाव सफेद देशी मदिरा शराब दो बडे थैलो में रखी पकड़ा जो विधिवत जप्ती कार्यवाही कर मौकेपर कार्यवाही के बाद थाना कोतवाली लेकर असल अपराध क्र 517/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। कुल देशी प्लेन देशी मदिरा शराब 302 पाव दो कपडो के थैले में रखी कीमती 21140/- एवं घटना में प्रयुक्त मोसा सीडी डीलक्स एमपी 22 एमएफ 3965 कीमती 45000/- कुल मशरूका कोमति 66140/- जप्त किये गये।

सराहनीय योगदानइस पूरी कार्यवाही में थानाप्रभारी कोतवाली सतीशतिवारी, उनि ओमप्रकाश धोलपुरी, मुकेश विश्वकर्मा, नितेश राजपूत, प्रतीक बघेल, आर विकम देशमुख, अमित रघुवंशी, आर इरफान खान की सराहनीय भूमिका रही।

विधायक दिनेश राय मुनमुन रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में हुए शामिल

सिवनी (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव मे शामिल हुए। आज संस्कारधानी जबलपुर के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेन्टर मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव (उद्योग एवं व्यापार मेला) मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री गणों, विधायक गणों, देश-दुनिया से पधारे उद्योगपतियों एवं अधिकारियों- कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

गायत्री शक्तिपीठ केवलारी में चल रहे 5 दिवसीय प्राकृतिक उपचार एवं आहार शिविर प्रशिक्षण का हुआ भव्य समापन

सिवनी (स्वतंत्र मत)। केवलारी उत्तर प्रदेश के आगरा के आंवलखेड़ा से आये हुए प्राकृतिक चिकित्सकों के द्वारा 63 शिविरार्थीयों का हुआ बिना किसी ओषधि, के प्राकृतिक उपचार, सभी ने सीखे जीवन शैली जीने का सही ढंग।गायत्री परिवार केवलारी द्वारा केवलारी ब्लॉक केवलारी इतिहास में प्रथम बार किये गए, 13 जुलाई से प्राकृतिक के पांच तत्वों से किये जाने वाले उपचार शिविर का समापन आयोजन गत दिवस को केवलारी के विशेष गणमान्य एवं शिविरार्थियों के सम्बन्धियों, परिचितों आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम महामंत्र गायत्री मंत्र के दिव्य सामूहिक नाद के साथ एवं चिकित्सा विशेषज्ञ व अतिथियों द्वारा देव पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आज की मानव जीवन शैली ऐसी हो गई है कि प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी शारीरिक मानसिक, रोग, दर्द या दु:ख से पीड़ित है। वह हर सम्भव प्रयास करता है कि उसे इसका स्थाई सस्ता, एवं सुलभ उपाय मिल जाये। आज एलोपैथी से ततकाल समाधान तो मिलता है साइड इफ़ेक्ट के रूप में 5 और बीमारियों की चपेट में आ जाता है। ऐसे में प्रकृति ही इसका एक मात्र स्थाई, सटीक , और सर्वशुलभ उपाय है। जो हमारे ऋषियों की महती खोज है। डॉ जितेंद्र सिंह प्रज्ञेय ने

बतलाया कि आज बड़े बड़े शहरों, दिल्ली, हरिद्वार ,बेंगलोर, लखनऊ, या केरल आदि में यह चिकित्सा उपलब्ध तो है किंतु यह व्यवसायीकरण से बहुत मेहँगी और स्थान विशेष पर ही मिलती है। जिससे समाज के आर्थिक रूप से पिछड़ा समाज तक नही पहुंच पाती, न ही उन्हें इसके प्रति जागरूकता ही नही है। जिसके करण अनेक लोग अपना जीवन नरक हो जाता है,

ऐसे में गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन, के अंतर्गत समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी स्वास्थ्य रहने का पूरा अधिकार है। इस हेतु पूरे भारत में शक्तिपीठों एवं सामुदायिक भवनों में यह प्राकृतिक उपचार एवम आहार शिविर के आयोजन किया जाता है।

केवलारी में भी गायत्री परिवार द्वारा 5 दिवसीय सशिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ में किया गया। जिसमें 61 शिविरार्थियों (भाई - बहनों) ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमे प्रथम दिन सभी का चिकिस्ता परीक्षण, बीपी, शुगर, वजन, बीमारी, जिसके लिए दवाएं चल रही है आदि सभी का विवरण एक फॉर्म में लिया जाता है, जिसकी पुनर्परीक्षण /काउंसलिंग अंतिम किया जाता है।

रेत भरकर नदी में डूबते वायरल टेक्टर ट्रॉली जप्त

सिवनी (स्वतंत्र मत)। खनिज विभाग के इंस्पेक्टर रंजीत डेहरिया ने बताया कि बुधवार की शाम को जोगीवाडा नेवरी नदी में रेत भरकर नदी में डूबता वीडियो वायरल ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत जरेरा
जनपद पंचायत बालाघाट, जि. बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक / 09/ ग्राम पं. जरेरा दिनांक 16/07/2024

निविदा

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जरेरा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना, 14वाँ वित्त, 15 वा वित्त आयोग, 5 वा वित्त आयोग, स्वकराधान, स्वच्छ भारत मिशन गौण खनिज, गौण खनिज, विधायक निधि, सासंद निधि फरफामिन्स ग्राण्ड फण्ड एवं पंचायत के अन्य योजनाओ के तहत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामाग्री क्रम जानी है। इन कार्यो के लिए दिनांक 22/7/2024 से 27/7/2024 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालीयन समय में ग्राम पंचायत भवन जरेरा में लाकर जमा कर सकते है। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत जरेरा का होगा। जिसमें मामाग्री रेत, गिट्टी 20एम एम, 40एम एम, सिमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, बाईवेटर, रोलर, गट्टू, सेन्ट्रीग, पेन्ट एवं स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाली आदि सामाग्री क्रय किया जाना है।

फैयाज खान रोज़गार सहायक
संतोष बविस्ताले सचिव
श्रीमति तरासन वरकड़े सरपंच

ग्राम पंचायत जरेरा